भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2428
उत्तर देने की तारीख : 08 जुलाई, 2019

तेलुगू संस्कृति को प्रोत्साहन

2428. डॉ॰ वेंकटेश नेता बोरलाकुंता :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेलंगाना राज्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तेलुगू संस्कृति के विकास/प्रोत्साहन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान तेलंगाना में बोनालू सांस्कृतिक उत्सव के लिए कितनी निधियां जारी की गई हैं?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) : संस्कृति मंत्रालय का अधीनस्थ स्वायत्त संगठन दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (एसजेडसीसी), तंजावुर अपने सदस्य राज्यों में उनके द्वारा आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों में भागीदारी हेतु तेलंगाना राज्य से बोनालु कला रूप सहित विभिन्न कला रूपों में विशेषज्ञ कलाकारों को आमंत्रित करता है। एसजेडसीसी ने तेलंगाना राज्य में विविध सांस्कृतिक कार्यकलापों का आयोजन किया है, नामत: तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस, आदि महोत्सव जनजातीय उत्सव, नवरात्रि महोत्सव, अखिल भारतीय शिल्प मेला, संक्रांति महोत्सव, संत त्यागराज का 250वीं जयंती समारोह, दशहरा उत्सव, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस, राष्ट्रीय शिल्प मेला और उगादी उत्सव।

(ख) : वर्ष 2018-19 के दौरान, इस मंत्रालय द्वारा संचालित किए जा रहे सांस्कृतिक समारोह निर्माण अनुदान स्कीम (सीएफपीजीएस) के अंतर्गत इस उत्सव के लिए गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), श्री मोक्षगुन्डम विश्वेश्वरैय्या सांस्कृतिक सोसाइटी, तेलंगाना को 2.00 लाख रुपए की वित्तीय सहायता जारी की गई।

***